मुंबई, गुरुवार, 23 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत 2083
मूल्य ₹ 0.00 | कुल पृष्ठ 4
www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com
+91-95945-42679
Digital Edition
वर्ष : 12, अंक : 264

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353 | महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित | प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत

**अनमोल वचन**

अहंकार मनुष्य का बहुत बड़ा दुश्मन है। वह सोने के हार को भी मिट्टी का बना देता है।

## खबर संक्षेप

### समिधा बाल गृह में संस्कार पाठशाला, बच्चों को दिए वैदिक संस्कार



**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** आर्य समाज हिरणमगरी के महिला प्रकोष्ठ द्वारा समिधा बाल गृह आश्रम में संस्कार पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को प्रेरक कहानियों के माध्यम से सत्य बोलने, ईमानदारी, चोरी से बचने तथा भारतीय संस्कृति एवं वैदिक संस्कारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वैदिक पुरोहित इन्द्र प्रकाश वैदिक ने यज्ञ संपन्न कराया, जिसमें आश्रम के 40 बच्चों ने आहुतियां समर्पित कीं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका चन्द्र कान्ता वैदिका एवं दुर्गा कुमावत ने संस्कार पाठशाला का संचालन किया तथा बच्चों को फल वितरित किए। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।

### आरटीयू में कॉग्निटिव साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला



**कोटा @ पदमावत मिडिया।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के थॉट एंड इनोवेशन सेंटर में कॉग्निटिव साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि शांति और एकाग्रता के साथ कार्य करने से रचनात्मकता बढ़ती है तथा नियमित योग और ध्यान मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यशाला में कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी, डीआरडीओ के वैज्ञानिक प्रो. सुशील चंद्रा सहित विशेषज्ञों ने कॉग्निटिव साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क जैसे विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्रों और शोधार्थियों ने भाग लिया।

### साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. का चातुर्मास मंगल प्रवेश

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** रामपुरा स्थित श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र, दूधिया गणेश जी में बुधवार को उप प्रवर्तिनी महासती साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. आदि ठाणा-5 का चातुर्मास मंगल प्रवेश भगवान महावीर के जयघोष के बीच श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। प्रवचन में साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. ने कहा कि जिस प्रकार आग में पकने के बाद ही ईंट मजबूत बनती है, उसी प्रकार चातुर्मास आत्मिक परिपक्वता का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अन्न का सम्मान करने और आध्यात्मिक साधना से जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्री वृंदावन धाम का 15वां पाटोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** तीतरड़ी स्थित आजाद विहार के श्री वृंदावन धाम में भड़ल्या नवमी के शुभ अवसर पर 15वां पाटोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मंगलवार से प्रारंभ हुए अखंड महामंत्र संकीर्तन का समापन बुधवार को महाआरती के साथ हुआ। पीठाधीश्वर संत कृष्णानंद जी महाराज के सानिध्य में ध्वजा पूजन एवं ध्वजा परिवर्तन की परंपरा निभाई गई। इस अवसर पर ठाकुरजी एवं राधे रानी का विशेष श्रृंगार किया गया।

# शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दो दिवसीय जिनालय शुद्धि एवं जिनबिंब स्थापना महोत्सव संपन्न

**भव्य शोभायात्रा, वैदिक विधान, भक्ति संध्या और स्वामी वात्सल्य में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**उदयपुर।** श्री मुनि सुव्रतनाथ दिगंबर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट, सेक्टर-8 के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित दो दिवसीय जिनालय शुद्धि एवं जिनबिंब स्थापना महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित किया। पंडित हेमंत कुमार शास्त्री ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज एवं निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के परोक्ष मंगलमय आशीर्वाद तथा प्रतिष्ठा मार्तंड बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया के निर्देशन में पंडित हेमंत कुमार शास्त्री एवं पंडित अंकित शास्त्री ने समस्त शास्त्रोक्त विधि-विधान संपन्न कराए। अनुष्ठान के प्रथम चरण में भव्य वेदी शुद्धि, घटयात्रा एवं मंगल ध्वजारोहण का आयोजन हुआ। मंगल ध्वजारोहण का सौभाग्य कपिल-रुचित शाह परिवार को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात संपूर्ण जिनालय एवं वेदी की शुद्धि कर शांति मंत्रों का जाप किया गया। सायंकाल में आयोजित भक्ति संध्या में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।नवमी के शुभ मुहूर्त में प्रातः भगवान की भव्य शोभायात्रा, याग-मंडल विधान, शांति हवन एवं जिनबिंब स्थापना का मांगलिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधानों के बीच शांतिनाथ भगवान, संभवनाथ भगवान एवं मुनि सुव्रतनाथ भगवान के जिनबिंबों की विधिवत स्थापना की गई। शांतिनाथ भगवान की स्थापना का पुण्यार्जन प्रकाश, नेमिकुमार, दिलीपकुमार, संभव एवं रविंद्र कंठालिया परिवार ने किया। संभवनाथ भगवान की स्थापना के पुण्यार्जक गजेंद्र एवं चरण मोजावत परिवार रहे, जबकि मुनि सुव्रतनाथ भगवान की स्थापना का पुण्यार्जन अशोक, हितेश, कल्पेश एवं रक्षित भावोत परिवार ने किया।

हजारों श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए इस धार्मिक आयोजन में पारस सिंघवी, कुंथुकुमार गणपतोत, लक्ष्मीलाल बोहरा, प्रकाश कंठालिया, श्याम सिंघवी, बसंतीलाल कंठालिया सहित जैन समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर सकल जैन समाज, सेक्टर-8 की ओर से भव्य स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### समिधा बाल गृह में संस्कार पाठशाला, बच्चों को दिए वैदिक संस्कार



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आर्य समाज हिरणमगरी के महिला प्रकोष्ठ द्वारा समिधा बाल गृह आश्रम में संस्कार पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को प्रेरक कहानियों के माध्यम से सत्य बोलने, ईमानदारी, चोरी से बचने तथा भारतीय संस्कृति एवं वैदिक संस्कारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वैदिक पुरोहित इन्द्र प्रकाश वैदिक ने यज्ञ संपन्न कराया, जिसमें आश्रम के 40 बच्चों ने आहुतियां समर्पित कीं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका चन्द्र कान्ता वैदिका एवं दुर्गा कुमावत ने संस्कार पाठशाला का संचालन किया तथा बच्चों को फल वितरित किए। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।

**महिला सुरक्षा संकल्प अभियान**

## उदयपुर पुलिस ने स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक और 323 विद्यालयों में ऑनलाइन संवाद किया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' के तहत उदयपुर पुलिस ने स्टेक होल्डर्स के साथ समन्वय बैठक तथा जिले के 323 सरकारी एवं निजी विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें सुरक्षा, कानून और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक बनाना है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में आयोजित ऑनलाइन संवाद में छात्र-छात्राओं को जागरूक समाज को सुरक्षित समाज की पहचान बताते हुए किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पॉक्सो अधिनियम, नवीन न्याय संहिता, पॉश (POSH) अधिनियम, गुड टच-बैड टच, महिला सुरक्षा कानूनों, राजकॉप ऐप, महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला बीट अधिकारी योजना, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दूसरे चरण में जिला कलेक्ट्रेट के कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास, वन स्टॉप सेंटर, सामाजिक न्याय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, परिवहन, राजीविका सहित 15 विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में महिला कल्याण योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय की रणनीति पर चर्चा की गई। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं बल्कि सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय बढ़ाकर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। उदयपुर पुलिस ने कहा कि जिले की प्रत्येक महिला और बेटी को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे।

## डिजिटल युग में सुरक्षित रहने का संदेशः बालिकाओं को साइबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पॉपल्टी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**नाई/उदयपुर।** जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जतन संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना नाई की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पॉपल्टी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता एवं साइबर जागरूकता विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग, उनके कानूनी अधिकारों तथा महिला सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना था।

### साइबर अपराधों से बचाव के बताए प्रभावी उपाय

महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, नाई की सामाजिक परामर्शदाता संगीता पालीवाल ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने और सतर्क रहने की सलाह दी।

### सरकारी योजनाओं और महिला सुरक्षा कानूनों की दी जानकारी

कार्यक्रम में बालिकाओं को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, शिक्षा सेतु, काली भील उड़ान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही कम उम्र में बाल विवाह के दुष्परिणाम, किशोरावस्था में गर्भधारण से होने वाले जोखिम, अच्छा स्पर्शझबुरा स्पर्श, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

### हेल्पलाइन नंबर और राजकॉप सिटिजन ऐप की जानकारी

बालिकाओं को साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवाओं के 100 एवं 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा राजकॉप सिटिजन ऐप के उपयोग की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में बिना किसी डर के इन सेवाओं का उपयोग कर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### जागरूक और सशक्त बनने का दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता को जीवन की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा, भेदभाव या अपराध के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

## ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटि का हुआ समाधान



**राजसमंद @ पदमावत मिडिया।** ग्राम पंचायत सरदारगढ़ में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटि से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित सज्जन सिंह की समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया। तहसीलदार द्वारकाधीश शर्मा के निर्देश पर राजस्व अभिलेखों की जांच कर आवश्यक संशोधन करते हुए नवीन जमाबंदी की प्रमाणित प्रति जारी की गई। समस्या के समाधान पर लाभार्थी ने जिला प्रशासन का आभार जताया। शिविर में विभिन्न विभागों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा करीब 150 ग्रामीणों को विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया।

# सलूम्बर में नकली घी बनाने की आशंका पर बड़ी कार्रवाई

**15 किलोग्राम घी जब्त, घी व दूध के 5 नमूने जांच के लिए भेजे**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**सलूम्बर।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान जयपुर टी. शुभ मंगला के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनैद पी.पी. एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार के निर्देशन में ऋतु परिवर्तन को देखते हुए जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सेरिया कस्बे में विभिन्न डेयरियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैसर्स एच.डी. डेयरी एवं नमकीन पार्लर पर अनियमितताएं पाई गईं। मौके पर वनस्पति के डिब्बे, सोयाबीन तेल के खाली डिब्बे, घी बनाने में प्रयुक्त भट्टी, कड़ाही सहित अन्य सामग्री संदिग्ध अवस्था में मिली, जिसके बाद विक्रेता से पूछताछ की गई।

नकली घी तैयार किए जाने की आशंका के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए बिक्री के लिए रखे 15 किलोग्राम घी को जब्त कर उसका नमूना जांच के लिए लिया। इसी प्रतिष्ठान से दूध का भी एक नमूना संग्रहित किया गया।

इसके अतिरिक्त मातेश्वरी दूध डेयरी, पटेल केवलाल डेयरी (बड़ावली) तथा जय सांवरिया डेयरी, दाल चौराहा से भी दूध के नमूने लिए गए। इस प्रकार अभियान के दौरान एक घी एवं चार दूध सहित कुल पांच नमूने जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार संबंधित फर्मों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार ने बताया कि ऋतु परिवर्तन के दौरान आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलेभर में निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं से खाद्य अनुज्ञा पत्र (लाइसेंस) बनवाकर प्रतिष्ठान पर प्रदर्शित करने, खाद्य सामग्री खुले में विक्रय नहीं करने तथा उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की।

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी के साथ प्रशिक्षु राकेश पुष्करणा एवं निशा मीना उपस्थित रहे।

## अंधविश्वास पर भारी पड़ी जागरूकता स्वास्थ्य टीम ने बचाई गर्भवती की जान


पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**प्रतापगढ़।** सुहागपुरा क्षेत्र के ग्राम वीरपुर में स्वास्थ्य विभाग की तत्परता और ग्राम सरपंच के सहयोग से एक गर्भवती महिला की जान बचा ली गई। जांच में गर्भस्थ शिशु की धड़कन बंद होने के बावजूद परिजन अंधविश्वास के चलते महिला को गैर-चिकित्सकीय उपचार के लिए ले गए थे। सूचना मिलने पर चिकित्साधिकारी डॉ. हरिओम महावर ने जीएनएम प्रशिक्षित सरपंच श्यामलाल मीणा के साथ परिजनों को समझाया। आशा कार्यकर्ता और सीएचओ की सक्रिय भूमिका के बाद परिजन राजी हुए तथा 108 एम्बुलेंस से महिला को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई।,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीवराज मीणा ने गर्भावस्था में किसी भी समस्या होने पर अंधविश्वास से दूर रहकर तुरंत स्वास्थ्य संस्थान से संपर्क करने की अपील की तथा स्वास्थ्य टीम और ग्राम सरपंच की सराहना की।

## निकला नहीं उपाय (दोहे)



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मोनिका डागा 'आनंद', चेन्नई**

भ्रष्टाचारी संगठन, जगा आंतरिक रोष।
घटना पेपर लीक की, थोपे किसको दोष।।

सांठ-गांठ कर चोर ने, फैला दिया फसाद।
खुद का कुछ बिगड़ा नहीं, युवा हुए बर्बाद।।

स्वार्थियों ने ही किया, जमकर के खिलवाड़।
राजनीति की जो घृणित, भविष्य दिया उजाड़।।

विद्या को धंधा बना, ऐसा खेला खेल।
मासूमों को ही छला, गर्त में दे ढकेल।।

घूमें दोषी शान से, निर्दोषी को जेल।
न्याय व्यवस्था है यहाँ, मिले झूठ को बेल।।

युवा वर्ग के आज की, किसको चिंता माथ।
विपक्षियों को तो मिला, मुद्दा मौका साथ।।

दुखती रग पर हाथ दे, बिछा दिया है जाल।
दुष्टों ने ही की भ्रमित, युवा बुद्धि चल चाल।।

न्याय प्रणाली सुप्त हो, तो ये होता हाल।
आम आदमी टूटता, चोर ठोकता माल।।

जंतर-मंतर की व्यथा, आहत हुआ समाज।
युवा लड़ाई लड़ रहा, रोता-रोता आज।।

प्रश्न कई उत्तर नहीं, इतना मचा बवाल।
हल निकलेगा या नहीं, सबसे बड़ा सवाल।।

चलती इस सरकार से, कैसे हो फरियाद।
बात हाथ से ही गई, हिली नींव बुनियाद।।

क्रोध वश उठाए कदम, भड़का जन समुदाय।
तड़पे भीतर भावना, निकला नहीं उपाय।।

ऐसी उलझी जिंदगी, चलता-फिरता श्राप।
रास्ता हमको दे बता, ईश 'आनंद' आप।।

क्या सच है क्या झूठ है, कलयुग का ही बंध।
करें विश्वास या नहीं, घायल हर संबंध।।

## खबर संक्षेप

### चिरवा टनल में संयुक्त मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन की तैयारियों का हुआ परीक्षण

**राजसमंद/उदयपुर@ पदमावत मिडिया।** चिरवा टनल में आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता के परीक्षण के लिए श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्रा. लि. की ओर से संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसमें सिविल डिफेंस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, राजस्थान पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीमों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल में भूस्खलन के कारण टनल में दो वाहनों की टक्कर का परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें सात लोगों के फंसे होने की स्थिति दर्शाई गई। संयुक्त टीमों ने हाइड्रोलिक रेस्क्यू उपकरणों की मदद से सभी घायलों को सुरक्षित निकालकर एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। एनडीआरएफ एवं एनएचएआई अधिकारियों ने बचाव कार्य में विभिन्न एजेंसियों के समन्वय और त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

### डॉ. गोपेश शर्मा को 'विप्र प्रतिभा सम्मान-2026'




**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपेश शर्मा को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विप्र सेना के स्थापना दिवस पर आयोजित पंचम विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 में विप्र प्रतिभा सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह सम्मान संस्थान के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं पर्यावरण प्रेमियों का है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। समारोह में विभिन्न गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

### बालिकाओं को साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता की दी जानकारी



भीलवाड़ा @ पदमावत मिडिया। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की ओर से देवनारायण आवासीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तेलीखेड़ा एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पासंल में डिजिटल साक्षरता एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी, यूपीआई फ्रॉड, साइबर बुलिंग और डिजिटल अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में छात्राओं को किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने, व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए जागरूक किया गया। साथ ही पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र एवं वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं की भी जानकारी दी गई।

### महिला सुरक्षा संकल्प अभियान में 8,762 विद्यार्थियों से ऑनलाइन संवाद

**राजसमंद @ पदमावत मिडिया।** महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत राजसमंद पुलिस ने जिले के 115 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 8,762 छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन संवाद कर महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें महिला सुरक्षा, पॉश अधिनियम, पॉक्सो, शी-बॉक्स, वन स्टॉप सेंटर एवं हेल्पलाइन सेवाओं पर चर्चा हुई। ऑनलाइन सत्र में विद्यार्थियों को राजकॉप ऐप, साइबर हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, नशा मुक्ति, गुड टच-बैड टच तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न थाना क्षेत्रों के विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

### ठोकर चौराहा अंडरब्रिज पर जलभराव से बढ़ी परेशानी

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** ठोकर चौराहे से पुरोहितों की मादड़ी जाने वाले मार्ग पर अंडरब्रिज के पास बारिश के दौरान जलभराव से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे नजर नहीं आते, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी हितेश व्यास ने बताया कि इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हर बारिश में सड़क तालाब बन जाती है।

# बालिकाओं को साइबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोटड़ा/उदयपुर ।** जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रूलर हेल्थ एजुकेशन संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना कोटड़ा की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुबरी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता एवं साइबर जागरूकता विषय पर बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा, महिला अधिकारों, बाल संरक्षण कानूनों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर चंचल पसात ने छात्राओं को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, शिक्षा सेतु, काली भील उड़ान योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा को आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत आधार बताते हुए बालिकाओं से अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहने का



आह्वान किया। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना कोटड़ा की सामाजिक परामर्शदाता लक्ष्मी गरासिया ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर सावधानी, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या संदेश से सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, बाल संरक्षण, कम उम्र में बाल विवाह एवं गर्भधारण के दुष्परिणाम, अच्छा स्पर्शझ्रबुरा स्पर्श, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में तुरंत सहायता लेने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के कानूनी अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया। छात्राओं को साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवाओं के 100 एवं 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा राजकॉप सिटिजन ऐप के उपयोग की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के इन माध्यमों से तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकीय स्टाफ तथा ग्राम पंचायत की साथिन गीता देवी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त भारत अभियान को मिलेगी नई मजबूती

### एनसीओआरडी समिति की बैठक में समन्वित कार्रवाई पर जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**श्री विजयपुरम/दक्षिण अंडमान ।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दक्षिण अंडमान जिले में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला मजिस्ट्रेट पूर्वा गर्ग (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सामूहिक कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने, विशेषकर युवाओं और संवेदनशील वर्गों तक प्रभावी पहुंच बनाने तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। साथ ही मादक पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले सामाजिक, स्वास्थ्य और आर्थिक नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने की रणनीति तैयार की गई। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी विभागों को आपसी समन्वय मजबूत करने, सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान करने, संयुक्त कार्रवाई बढ़ाने और कानून प्रवर्तन



तंत्र को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जागरूकता अभियानों के दायरे और प्रभाव को बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच नियमित सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के अंत में सभी संबंधित विभागों ने नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। पुलिस ने आमजन से भी अपील की कि मादक पदार्थों की तस्करी अथवा इससे संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत मानस हेल्पलाइन 1933, आपातकालीन नंबर 112, व्हाट्सएप नंबर 9531856080 या 03192-236641 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## नवीन ग्राम पंचायत गामड़ी में इन्द्रभोग एवं सम्मान समारोह आयोजित

### वर्षा की कामना के साथ ग्राम पंचायत गठन पर जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com
संवाददाता : ईश्वरलाल सुथार

**सलूंबर।** झल्लारा पंचायत समिति की नवीन ग्राम पंचायत गामड़ी में बुधवार को अल्पवृष्टि से राहत एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर पारंपरिक इन्द्रभोग का आयोजन किया गया। साथ ही नवीन ग्राम पंचायत के गठन की खुशी में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि धरियावद विधानसभा के विधायक प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश जोशी तथा नगर परिषद उदयपुर सदस्य प्रतिनिधि गणपत सिंह काजावाड़ा का ग्रामीणों ने पगड़ी एवं उपरणा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।





इस अवसर पर कन्हैयालाल मीणा ने कहा कि गामड़ी ग्राम पंचायत के गठन के लिए अनेक कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने इसका समर्थन किया तो कुछ ने विरोध भी किया, लेकिन दृढ़ संकल्प और जनहित की भावना से नई ग्राम पंचायत का गठन संभव हो सका। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए आगामी पंचायती राज चुनावों में जनसमर्थन और एकजुटता बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत का गठन क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब सभी ग्रामवासी सुनियोजित रूप से विकास कार्यों में सहयोग करें, ताकि गामड़ी को एक आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम में भवानी सिंह, केशर सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी जगदीश चौबीसा, सुरेश सेवक, राकेश चौबीसा, लक्ष्मण सिंह चौहान (प्रतिनिधि उपसरपंच कराकला), नरेश चौबीसा, देवीलाल पटेल (बड़ी विरवा), किशोर सिंह कराकला, हरीश मीणा, गौतमलाल मीणा (लाउवा), कुलदीप सिंह, भीमराज पटेल, लालूराम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विधानसभा पहुंचकर बच्चों ने सीखी लोकतंत्र की पाठशाला

### जैन सोशल ग्रुप नागदा के शैक्षणिक भ्रमण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से की मुलाकात

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नागदा।** जैन सोशल ग्रुप नागदा के तत्वावधान में बच्चों के लिए आयोजित विधानसभा अवलोकन शैक्षणिक भ्रमण उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। भ्रमण के दौरान बच्चों को लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्थाओं में से एक विधानसभा की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला। ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम के नेतृत्व में आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के सहयोग से बच्चों ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बच्चों ने



उनसे संवाद किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण के दौरान विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने बच्चों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, विधायिका की भूमिका तथा शासन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की व्यावहारिक जानकारी दी। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों, देशभक्ति, संवैधानिक दायित्वों तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ प्रत्यक्ष अनुभव बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विधानसभा भ्रमण के साथ बच्चों ने साइंस सेंटर एवं ट्राइबल म्यूजियम का भी अवलोकन किया, जहां उन्हें तारामंडल, रॉकेट लॉन्चर, उपग्रहों की कार्यप्रणाली तथा भारत की जनजातीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन से जुड़ी अनेक जानकारियां प्राप्त हुई। ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम एवं सचिव प्रशांत नाहर ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सुरेश जैन (एडवोकेट), पारस पोखरना, नितिन बुडावनवाला, संयोजक यशवंत धूपिया, अमित बंम, पंकज पावेचा, संरक्षक दिलीप कांठेड़, श्रेणिक बंम, अरविंद नाहर, शर्मिला बंम, विभा बंम, श्रुति मुरडिया, सरिता सकलेचा, टीना जैन सहित सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा से बालिकाओं को किया जागरूक



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

- **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांसलिया में विशेष जागरूकता कार्यशाला**

**मावली।** निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत संचालित डिजिटल साक्षरता एवं साइबर जागरूकता विशेष अभियान के तहत महिला अधिकारिता विभाग, उदयपुर द्वारा जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांसलिया में बालिकाओं एवं किशोरियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, मावली (जतन संस्थान) की सामाजिक सलाहकार वैदेही वैष्णव ने छात्राओं को कम उम्र में बाल विवाह एवं गर्भधारण के दुष्प्रभाव, अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श, डिजिटल साक्षरता, साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा तथा बालक-बालिकाओं के कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस सहायता नंबर 100 के उपयोग एवं महत्व से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। पर्यवेक्षक, महिला अधिकारिता मावली सागर सिंह पंवार ने बताया कि निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार जिले में महिला अधिकारिता विभाग, आरकेसीएल एवं पुलिस विभाग के समन्वय से डिजिटल साक्षरता एवं साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फॉलो-अप ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से भी आमजन को अभियान की जानकारी देकर अधिक से अधिक बालिकाओं एवं किशोरियों को इससे जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य बालक-बालिकाओं एवं किशोरियों को डिजिटल रूप से जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है, ताकि वे साइबर अपराधों एवं सामाजिक कुरीतियों से सुरक्षित रहकर अपने अधिकारों के प्रति सजग नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांसलिया के प्रधानाचार्य सुनील जोशी, प्रहलाद गुर्जर, विद्यालय का समस्त शिक्षकीय स्टाफ तथा ग्राम साथिन सीमा शर्मा उपस्थित रहे।

## हर पात्र परिवार तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर मंथन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद परिवार तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं सोशल प्रोटेक्शन कोएलिशन (सेतु) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जिला परिषद सभागार में डिस्ट्रिक्ट सोशल प्रोटेक्शन सेचुरेशन प्लानिंग कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने अधिकारियों से विभागीय समन्वय के साथ माइक्रो लेवल प्लानिंग तैयार कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक



प्रभावी रूप से सरकारी सहायता पहुंचाना है। इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, साझा कार्ययोजना एवं नियमित समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र परिवार को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ मिले तथा ग्राम स्तर तक सटीक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अभिसरण के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यशाला में तैयार होने वाली रणनीति न केवल जिले बल्कि राज्य एवं देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगी। कार्यशाला के प्रारंभ में सेतु के सलाहकार तेजेंद्र सिंह संधू, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरमाराम तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक ने जिला कलेक्टर का स्वागत किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक सांख्यिकी पुनीत शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक संजय गुप्ता, सेतु सलाहकार अल्का नारंग, नीति एवं प्रशिक्षण निदेशक प्रियंवदा तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक हिमांशी द्विवेदी, राज्य समन्वयक श्याम दवे, गौरव द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं सेवाओं तक पात्र परिवारों की पहुंच सुनिश्चित करने, विभागीय समन्वय, सामुदायिक सहयोग, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत मार्गदर्शन दिया। ग्रामीण विकास, पंचायती राज, श्रम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि तथा जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधिकारियों ने भी अपने सुझाव साझा किए।

- **माइक्रो लेवल प्लानिंग और विभागीय समन्वय से मिलेगा हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ : कलेक्टर**

# दक्षिण अंडमान पुलिस का नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान तेज, 700 से अधिक विद्यार्थियों को किया जागरूक

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूलों में चलाए गए विशेष कार्यक्रम, विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**श्री विजयपुरम/दक्षिण अंडमान ।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दक्षिण अंडमान पुलिस ने जिलेभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में व्यापक नशा विरोधी जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान 700 से अधिक विद्यार्थियों और 55 शिक्षकों को मादक पदार्थों, शराब की लत और अवैध तस्करी के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर.के. पुर, हट बे, डिग्नाबाद, श्री विजयपुरम और शहीद द्वीप के सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक







विद्यालयों में आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को मादक पदार्थों और शराब के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही एनडीपीएस अधिनियम, साथियों के दबाव से बचने और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें उन्हें नशा विरोधी अभियान का सक्रिय दूत बनने और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आ''ान किया गया। सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। दक्षिण अंडमान पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि मादक पदार्थों की तस्करी या नशीले पदार्थों से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना मानस हेल्पलाइन 1933, आपातकालीन नंबर 112 अथवा व्हाट्सएप नंबर 9531856080 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भारतीय दृष्टिकोण से शोध ही भारत के पुनरुत्थान का आधार : चंद्रकांत





**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अध्ययन अधिष्ठाता कार्यालय के तत्वावधान में बुधवार को बप्पा रावल सेमिनार हॉल स्थित गेस्ट हाउस में 'शोध और भारत का पुनरुत्थान' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय सह-संयोजक चंद्रकांत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. कैलाश डागा ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्नातकोत्तर अध्ययन अधिष्ठाता प्रो. के.बी. जोशी ने शोध के माध्यम से भारत के पुनरुत्थान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए समकालीन चुनौतियों के समाधान आधारित शोध को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने शोधार्थियों से भारतीय दृष्टिकोण एवं नवाचारों के अनुरूप शोध की दिशा निर्धारित करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता चंद्रकांत ने अपने व्याख्यान में भारत की शिक्षा व्यवस्था, शोध दृष्टिकोण और औपनिवेशिक मानसिकता के प्रभावों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मैकॉले की शिक्षा व्यवस्था ने भारतीयों की सोच और शोध की दिशा को प्रभावित किया। उन्होंने संस्कृत अध्ययन के लिए ब्रिटेन में स्थापित बोडेन चेयर का उल्लेख करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के संबंध में फैलाई गई विभिन्न भ्रांतियों की चर्चा की। आर्य आक्रमण सिद्धांत को उन्होंने ऐसी ही एक ऐतिहासिक गलत धारणा का उदाहरण बताया। उन्होंने भाषा और विचारों के प्रभाव को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'ब्लैक' केवल एक रंग है, लेकिन 'ब्लैकमेलिंग', 'ब्लैक मार्केटिंग' और 'ब्लैक लिस्टिंग' जैसे शब्दों के माध्यम से इसे नकारात्मक अर्थों से जोड़ दिया गया। ऐसे उदाहरणों को व्यापक ऐतिहासिक और सामाजिक संदर्भ में समझने की आवश्यकता है। चंद्रकांत ने धर्म और रिलिजन के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में धर्म किसी संकीर्ण धार्मिक पहचान का नहीं, बल्कि नैतिक जीवन, कर्तव्य और मूल्यों का आधार है। उन्होंने धर्मचक्र, धर्मशाला, धर्मकांटा, धर्मभाई और धर्मबहन जैसे उदाहरण देकर भारतीय जीवन दर्शन की व्यापकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले लगभग एक हजार वर्षों में अनेक चुनौतियों का सामना किया है। ऐसे समय में भारतीय समाज में आत्मविश्वास का पुनर्निर्माण आवश्यक है। भारतीय ज्ञान परंपरा और गौरवशाली अतीत को समझने के साथ-साथ वर्तमान समस्याओं पर भारतीय दृष्टिकोण से शोध करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत के पुनरुत्थान के लिए शोध की दिशा भारतीय चिंतन और ज्ञान परंपरा से प्रेरित होनी चाहिए। भारतीय और पाश्चात्य सामाजिक दृष्टिकोणों की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय समाज की सबसे छोटी सामाजिक इकाई परिवार है, जबकि पश्चिमी समाज में व्यक्ति को सबसे छोटी सामाजिक इकाई माना जाता है। उन्होंने 'सुख' और 'आनंद' के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि भारतीय दर्शन में आनंद को मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. कैलाश डागा ने कहा कि चंद्रकांत द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय दृष्टिकोण और वैश्विक समझ के समन्वय से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए नए अवसर विकसित होंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### राइजिंग राजस्थान निवेश प्रस्तावों की जिला कलक्टर ने की समीक्षा

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने बुधवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए निवेश प्रस्तावों की समीक्षा कर लंबित एमओयू का शीघ्र निस्तारण और परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से शुरू कराने के निर्देश दिए। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक हितेष जोशी ने बताया कि जिले में 1,035 एमओयू के माध्यम से 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 212 एमओयू के तहत 65,208 करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। बैठक में जिला कलक्टर ने लंबित मामलों में निवेशकों से व्यक्तिगत संवाद, एनओसी सहित प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी लाने तथा अप्रासंगिक एमओयू को नियमानुसार निरस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान पुलिस का प्रदेशव्यापी एक्शनः

# दो दिन में 1,259 हार्डकोर अपराधियों पर शिकंजा

### नशा तस्करों, साइबर अपराधियों और यातायात नियम तोड़ने वालों पर बड़ी कार्रवाई, 220 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप राजस्थान पुलिस ने प्रदेशभर में 20 जुलाई से 20 अगस्त तक एक माह का विशेष अभियान शुरू कर अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को और अधिक प्रभावी बनाया है। अभियान के पहले दो दिनों में ही पुलिस ने 1,259 हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अपराध जगत में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार सभी पुलिस रेंजों और दोनों पुलिस आयुक्तालयों में एक साथ चलाए जा रहे इस अभियान के तहत हार्डकोर अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों, साइबर अपराधियों, अवैध हथियार रखने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना है।









#### हार्डकोर अपराधियों पर सबसे बड़ा प्रहार

विशेष अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में 1,259 हार्डकोर अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की गई। कई स्थानों पर गिरफ्तारी के साथ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उनकी आपराधिक गतिविधियों पर भी प्रभावी अंकुश लगाया गया।

#### नशा तस्करों के नेटवर्क पर करारा वार

अभियान के दौरान पुलिस ने 220 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर 221 आरोपियों को गिरफ्तार किया। विभिन्न रेंजों में मादक पदार्थों की बड़ी खेप जब्त कर तस्करी के नेटवर्क पर प्रहार किया गया। बीकानेर रेंज में 1.700 किलोग्राम 67 मिलीग्राम हेरोइन, 2.805 किलोग्राम गांजा, 4 किलोग्राम डोडा पोस्त, 60.48 मिलीग्राम एमडी, 1065 प्रतिबंधित गोलियां, 398.69 ग्राम चिट्टा तथा 60.095 किलोग्राम पोस्त बरामद किया गया।

#### साइबर अपराधियों और अवैध हथियारों पर भी कार्रवाई

साइबर अपराधों से जुड़े 52 मामलों में कार्रवाई करते हुए 111 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 1 करोड़ 41 लाख 89 हजार 442 रुपये बरामद किए, जबकि 11 लाख 25 हजार 197 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए। इसके अलावा अवैध हथियारों से जुड़े 45 प्रकरण दर्ज किए गए तथा अवैध खनन के विरुद्ध 75 मामलों में कार्रवाई की गई। राज्यभर में विशेष नाकाबंदी के दौरान 80,264 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 24,816 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 1,603, बिना हेलमेट 26,274, बिना सीट बेल्ट 1,637, काली फिल्म लगे वाहनों के 1,457, ओवरलोड वाहनों के 5,580 तथा अन्य नियमों के उल्लंघन के 33,341 मामलों में कार्रवाई की गई।

#### महिला सुरक्षा और जनभागीदारी पर विशेष फोकस

महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 403 मामलों में कार्रवाई की गई तथा 642 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस और आमजन के बीच समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 1,685 कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (सीएलजी) बैठकों का आयोजन किया गया।

#### हर रेंज ने निभाई सक्रिय भूमिका

अभियान में जयपुर रेंज ने 247 हार्डकोर अपराधियों पर कार्रवाई और 4,958 एमवी एक्ट चालान के साथ अग्रणी भूमिका निभाई। बीकानेर रेंज ने 81 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर नशा तस्करों पर सबसे प्रभावी कार्रवाई की, जबकि जोधपुर रेंज ने 186 हार्डकोर अपराधियों पर कार्रवाई की। अजमेर रेंज महिला सुरक्षा के मामलों में, जबकि कोटा और जयपुर रेंज साइबर अपराध नियंत्रण में विशेष रूप से सक्रिय रहे।

#### अपराधियों के लिए राजस्थान में कोई जगह नहीं: डीजीपी

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राजस्थान पुलिस प्रदेश में संगठित अपराध, नशा तस्करी, साइबर अपराध और महिला अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि अपराधियों में कानून का भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** जिला कलेक्टर संदेश नायक के निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. रवि शेखावत, द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर विशेष चर्चा करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी चिकित्सा संस्थानों में साफ-




सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, चिकित्सा स्टाफ की 24 घंटे उपलब्धता बनाए रखने तथा नियमित रूप से एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरंतर फॉगिंग, जनजागरूकता गतिविधियां तथा प्रत्येक सप्ताह एक दिन ड्राई-डे आयोजित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही इन सभी गतिविधियों की प्रविष्टि मरुधर एप पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के लिए कहा। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सभी चिकित्सा संस्थानों में पौधारोपण करने के निर्देश भी दिए गए। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) अभियान की समीक्षा करते हुए जुलाई एवं अगस्त में संभावित प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं से नियमित संपर्क बनाए रखने के लिए सीएचओ, एएनएम एवं आशा सहयोगिनियों को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए टीकाकरण में तेजी लाने तथा छूटे हुए बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ओजस योजना एवं लाडो प्रोत्साहन योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, जननी सुरक्षा योजना के भुगतान समय पर करने, आभा आईडी निर्माण, पीएमजेएवाई कार्ड बनाने तथा ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, एनसीडी, एएनसी, परिवार कल्याण कार्यक्रम, मां योजना, मां वाउचर योजना, संस्थागत प्रसव, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, आरबीएसके योजना तथा टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## समरसता महामहोत्सव में गूंजा सामाजिक एकता का संदेश

# राष्ट्र निर्माण में सभी की भागीदारी आवश्यक : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सशक्त, समरस एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण में सभी वर्गों की समान भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि जब समाज जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर सेवा, सहयोग एवं सद्भाव की भावना के साथ आगे बढ़ता है, तभी वास्तविक समरस समाज का निर्माण होता है। राज्यपाल बुधवार को श्री पारदेश्वर महादेव मंदिर में परम पूज्य अनंत श्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती के सान्निध्य में आयोजित समरसता महामहोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति अपनी शुरुआत से ही अनेकता में एकता और सामाजिक समरसता की भावना से ओत-प्रोत रही है। अपने संबोधन में उन्होंने इतिहासकार यदुनाथ सरकार की पुस्तक शिवाजी एंड हिज टाइम का उल्लेख करते हुए प्रयाग स्थित अक्षयवट वृक्ष का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अक्षयवट वृक्ष को काटे जाने के बाद भी उसमें पुनः नई कोंपलें फूट आईं, उसी प्रकार भारतीय समाज की सनातन शक्ति भी हर चुनौती का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ती रही है। राज्यपाल ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना का आधार भी सामाजिक समरसता ही है। धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर समाज को विभाजित करने वाली शक्तियों को समाप्त कर राष्ट्रहित एवं







सामाजिक एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सनातन संस्कृति को मानवीय मूल्यों एवं वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से प्रेरित संस्कृति बताते हुए सभी नागरिकों से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इससे पूर्व राज्यपाल ने श्री पारदेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की तथा जगतगुरु स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

# अवैध देसी पिस्टल के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** राज्य में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सूरजपोल थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को अवैध देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा वृत्ताधिकारी छवि शर्मा के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी सूर्यभान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोहम्मद रिजवान उर्फ




राजू (26) निवासी जरीना नगर, उदयपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण संख्या 263/2026 में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी पूर्व में भी आर्म्स एक्ट और अन्य आपराधिक मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस उसके आपराधिक नेटवर्क और हथियार के स्रोत के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से एक करोड़ नए पात्रों को मिली खाद्य सुरक्षा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित 'गिव अप अभियान' ने प्रदेश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अभियान के माध्यम से 1 करोड़ 56 हजार 511 नए पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया है, जबकि 93 लाख 48 हजार 596 सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़कर जरूरतमंद परिवारों के लिए रास्ता बनाया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार खाद्य सुरक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत निर्धारित सीमा पूरी हो जाने के कारण



नए पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर 1 नवंबर 2024 से 'गिव अप अभियान' शुरू किया गया। इसके बाद 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल पुनः खोला गया, जिससे 87 लाख 60 हजार 847 नए पात्र लोगों को योजना से जोड़ा गया। इससे पहले भी वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 12 लाख 95 हजार 664 लोगों को योजना का लाभ दिया जा चुका था। मंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की सफलता से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में सक्षम लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा, जिससे जरूरतमंद परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाना संभव हुआ। उन्होंने बताया कि योजना से जुड़े नए लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम गेहूं के साथ-साथ मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना जैसी अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है।

मंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील नेतृत्व को इस ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि यह पहल सशक्त और समृद्ध राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# शायराना उदयपुर परिवार के मासिक संगीत समारोह में गूंजे सुरों के रंग

### फिल्म निर्माता डॉ. अजय मुड़िया बोले- शायराना उदयपुर उभरते कलाकारों का टर्निंग प्वाइंट, डॉ. सीमा सिंह ने बताया कलाकारों की धड़कन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शायराना उदयपुर परिवार की ओर से ऐश्वर्या कॉलेज परिसर में मासिक संगीत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सुर, संगीत, साहित्य और संस्कृति से सराबोर इस समारोह में उदयपुर सहित राजसमंद, नाथद्वारा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, भीलवाड़ा एवं कपासन से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सुरीली गायकी और मधुर संगीत ने उपस्थित श्रोताओं को देर तक मंत्रमुग्ध रखा।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात फिल्म निर्माता डॉ. अजय मुड़िया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज गीतांकर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ऐश्वर्या कॉलेज की प्रबंध निदेशक एवं शिक्षाविद् डॉ. सीमा सिंह, शिक्षाविद् डॉ. हुकुम राज जोशी तथा आरएनटी कॉलेज की नर्सिंग ऑफिसर चंद्रकांता जैन उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम प्रभारी एवं गायिका आभा सिरसीकर ने बताया कि शायराना उदयपुर परिवार पिछले 15 वर्षों से साहित्य और संगीत के क्षेत्र में निःशुल्क कार्यक्रम आयोजित कर नवोदित एवं प्रतिभाशाली कलाकारों को खुला मंच प्रदान कर रहा है। संस्था से राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के कलाकार जुड़े हुए हैं और निरंतर साहित्य एवं संगीत की नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि डॉ. अजय मुड़िया ने कहा कि शायराना उदयपुर परिवार उभरते कलाकारों के लिए एक सशक्त मंच और टर्निंग प्वाइंट बन चुका है। उन्होंने घोषणा की कि संस्था के प्रतिभाशाली कलाकारों को आगामी राज्य स्तरीय आयोजनों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाएगा तथा अनुभवी संगीतकारों के मार्गदर्शन में एक विशाल संगीत समारोह आयोजित कर उनकी प्रतिभा को और




अधिक निखारा जाएगा। उन्होंने आगामी म्यूजिकल फेस्टिवल में प्रदेशभर की संगीत प्रतिभाओं को मंच देने की भी घोषणा की।

विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि शायराना उदयपुर परिवार आज कलाकारों की धड़कन बन चुका है। यह मंच नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने के साथ भारतीय संगीत, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राष्ट्रीय स्तर के संगीतकार डॉ. आर.के. बॉस ने शायराना उदयपुर परिवार को भारतीय संगीत संस्कृति का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि यह संस्था नई पीढ़ी को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है।

समारोह में शास्त्रीय संगीत, गजल, दोहे, छंद, लोकगीत, सूफी गीत, भजन तथा फिल्मी गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। शास्त्रीय संगीतकार डॉ. आर.के. बॉस ने तानपुरे के साथ अपनी प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी। वहीं मुंबई से आए संगीतकार राकेश पौडवाल ने तेरे बिना नहीं जीना मरजाना ढोलना प्रस्तुत कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। शिकंजा फिल्म की गायिका काव्या मेघवाल ने भी लाइव प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस अवसर पर संस्थापक मनोज गीतांकर ने आमजन के लिए शीघ्र ही निःशुल्क संगीत कार्यशाला आयोजित करने की घोषणा की। साथ ही जिला प्रशासन राजसमंद के सहयोग से निर्मित फिल्म शिकंजा की स्टार कास्ट का सम्मान भी किया गया।

समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं कलाकारों का पगड़ी और उपरणा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन साहित्यकार आभा सिरसीकर ने छंद, दोहों, शेर-ओ-शायरी एवं मुक्तकों के साथ किया, जिसने समारोह में साहित्यिक गरिमा के साथ संगीत का अनूठा समन्वय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में शिवप्रकाश खेड़, नरेंद्र सिंह चौहान, गोविंद सिंह, केशर लोहार, मानवेंद्र सिंह, मनीष्वी आर्या, संगीता तिवारी, शारदा देहलवी, श्वेता, धनंजय सिरसीकर, नारायणलाल लोहार, हेमंत सूर्यवंशी, लक्ष्मी आसवानी, जयकिशन आसवानी, सोहनलाल लोहार, अजीत सिंह खींची, एकता नागदा, महेंद्र कुमावत, हेमा जोशी, एच. काजी सहित अनेक कलाकार, साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। सभी कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया।

## खबर संक्षेप

### एडीजे राहुल चौधरी ने केंद्रीय कारागृह एवं महिला जेल का किया निरीक्षण



**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** एडीजे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल चौधरी ने बुधवार को केंद्रीय कारागृह एवं महिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा, भोजन, चाय-नाश्ता तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, अपील और पैरोल संबंधी सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम के तहत अधिवक्ताओं ने बंदियों को उपलब्ध कानूनी सहायता एवं अधिवक्ता सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया।

### अंगदान जागरूकता रैली में विद्यार्थियों ने लिया संकल्प



**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** रवीन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय अंगदान संजीवनी अभियान के तहत बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली कॉलेज ऑफ नर्सिंग से मेडिकल कॉलेज परिसर तक निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों को अंगदान के महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, फैकल्टी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अंगदान का संकल्प लिया।

### जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक 30 जुलाई को

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक 30 जुलाई को सुबह 10 बजे जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित होगी। एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा ने बताया कि बैठक में पंजीकृत प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सूचनाओं सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सेतु डिजिटल हेल्थ मॉडल पूरे राजस्थान में होगा लागू



**नाथद्वारा @ पदमावत मिडिया।** नाथद्वारा जिला अस्पताल में शुरू की गई 'सेतु डिजिटल इमरजेंसी हेल्थकेयर सॉफ्टवेयर' पहल को राज्य स्तर पर सराहना मिली है। मुख्य सचिव ने इसकी सफलता को देखते हुए इसे पूरे राजस्थान में लागू करने के निर्देश दिए हैं। विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि नाथद्वारा से शुरू हुआ यह स्वास्थ्य नवाचार अब पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बनेगा। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से मरीजों को समयबद्ध रेफरल और बेहतर उपचार उपलब्ध कराना इस पहल का उद्देश्य है। उन्होंने आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों को इस सॉफ्टवेयर के विकास के लिए बधाई देते हुए विश्वास जताया कि इसके राज्यव्यापी क्रियान्वयन से मरीजों को त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण रेफरल सेवाओं का लाभ मिलेगा।

### स्थाई लोक अदालत में दो नए सदस्यों ने संभाला कार्यभार

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त अधिवक्ता प्रमोद कुमार दाणी एवं डॉ. सुरभि मेनारिया (धींग) ने बुधवार को स्थाई लोक अदालत, उदयपुर में सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में दोनों सदस्यों ने सुनवाई शुरू की। स्थाई लोक अदालत में बिजली, पानी, परिवहन, बीमा, चिकित्सा, आवास, एलपीजी, शिक्षा सहित जनउपयोगी सेवाओं से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाता है।

# 72 महिलाओं ने सीखा हुनर, आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ाए मजबूत कदम

## प्रज्ञा कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन, प्रशिक्षणार्थियों के उत्पादों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**







**भीनमाल।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो माह के निःशुल्क प्रज्ञा कौशल प्रशिक्षण (सिलाई) शिविर का समापन समारोह सैन महाराज मंदिर परिसर में गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 72 महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करते हुए उनके हुनर और उपलब्धियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम प्रेरक दिनेशकुमार दवे 'नवीन' की सक्रियता से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मनोहरलाल गोदारा ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब वह व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाए। वर्तमान समय में कौशल विकास सबसे बड़ी आवश्यकता है और ऐसे प्रशिक्षण शिविर विकसित भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जालोर के प्राचार्य शांतिलाल दवे ने कहा कि यह शिविर केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अभियान है। इससे महिलाओं को रोजगार के साथ आत्मविश्वास और सम्मानपूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सरोकार प्रकल्प के समन्वयक जितेंद्र गौड़ ने कहा कि वास्तविक समाज सेवा वही है, जो किसी परिवार को आत्मनिर्भर बना सके। विप्र फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

स्वागताध्यक्ष एवं विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेशकुमार दवे ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बना है। कौशल, साक्षरता और जागरूकता का यह संगम समाज में स्थायी परिवर्तन की मजबूत नींव रखता है।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के सचिव डॉ. घनश्याम व्यास ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल सिलाई सिखाना नहीं, बल्कि प्रत्येक महिला को सम्मानजनक आजीविका, आत्मविश्वास और स्वाभिमान से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले 12 वर्षों में 1,910 से अधिक महिलाओं एवं युवतियों को निःशुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दे चुकी है तथा 150 से अधिक सिलाई मशीनों का वितरण कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा गया है। आगामी चरण में 100 और जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराने का संकल्प भी दोहराया गया।

समारोह में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक परिधान, स्कूल यूनिफॉर्म, बैग एवं अन्य हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी करते हुए 4,800 रुपये के उत्पाद खरीदे। यह प्रशिक्षणार्थी महिलाओं की पहली व्यावसायिक आय रही, जिसने उनके आत्मविश्वास को नई ऊर्जा प्रदान की।

दो माह तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में 72 महिलाओं एवं युवतियों को सिलाई, कटिंग, फैशन डिजाइनिंग, उद्यमिता विकास, साक्षरता, विधिक साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग तथा स्वरोजगार का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने कहा कि इस शिविर ने उन्हें केवल हुनर ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर जीवन की नई दिशा भी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. घनश्याम व्यास ने किया।

समारोह में सीओ स्काउट जालोर सवाईसिंह राठौड़, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित, जोधपुर डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता भरत देवड़ा, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चंदनसिंह, भोमाराम सैन, कांतिलाल सैन, प्रेमाराम बंजारा, डॉ. महेश बालेचा, नैनाराम चौहान, डॉ. सैयद यासीन अशरफ, जबराराम भाटी, राजेश वैष्णव, महेन्द्र शर्मा, सीता शर्मा, गोमती, रामदास वैष्णव, वासुदेव अवस्थी, नरोत्तमलाल त्रिवेदी, शांतिलाल जीनगर, नरेंद्र मिश्रा एवं जबरसिंह राजपुरोहित सहित अनेक शिक्षाविद, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान मायड़ भाषा के सुप्रसिद्ध कवि वरदाराम सुथार ने अपनी ओजस्वी हिन्दी एवं राजस्थानी कविताओं के माध्यम से सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का प्रेरक संदेश देकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

## एनडीपीएस मामले में दोषसिद्धि : अंडमान पुलिस को बड़ी सफलता, आरोपी को न्यायालय ने ठहराया दोषी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार आरोपी को अदालत ने सुनाई सजा, नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी

**श्री विजयपुरम/दक्षिण अंडमान।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और सशक्त अभियोजन के अपने अभियान को जारी रखते हुए अंडमान एवं निकोबार पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन (एएनपीएस) ने एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी को न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है। पुलिस के अनुसार यह मामला 14 फरवरी 2026 को दर्ज एफआईआर संख्या 02/2026 से संबंधित है। एंटी-नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन की टीम ने कार्रवाई के दौरान असलम खान (30) निवासी पोकाडेरा, मायाबंदर को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक एस. थिम्मी राज ने की। समय पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने और प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप 9 जुलाई 2026 को दक्षिण अंडमान के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए मामले का विधि अनुसार निस्तारण किया। अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने कहा कि यह दोषसिद्धि पेशेवर जांच, प्रभावी अभियोजन और मादक पदार्थों के अपराधों के विरुद्ध उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री या अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तुरंत 112, 234216, 9434280055 अथवा 9531856080 पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल करने वाले मामले में 12 आरोपी को किया गिरफ्तार

## पेड़ से बांधकर युवक से मारपीट और जुर्माना वसूलने का आरोप, सायरा थाना पुलिस की कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सोशल मीडिया पर एक युवक को पेड़ से बांधकर मारपीट करने का वीडियो वायरल होने के मामले में सायरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वायरल हुए वीडियो में एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी। जांच में पीड़ित ने बताया कि शराब पीने के आरोप में गांव के लोगों ने सामाजिक पंचायत बुलाकर उसके साथ मारपीट की, उसे पेड़ से बांध दिया और जुर्माने के नाम पर रुपये भी वसूले। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### स्टंटबाजी पर उदयपुर पुलिस का शिकंजा, 50 पावर बाइक जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उदयपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान 50 पावर बाइक जब्त कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई झाड़ोल, फलासिया, ओगणा और बाघपुरा थाना क्षेत्रों में संयुक्त रूप से की गई। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टंट करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### राहगीरों से लूट करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** बाघपुरा थाना पुलिस ने राहगीरों से लूट के मामले में पांच माह से फरार चल रहे दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी प्रकरण में वांछित थे और उनकी लंबे समय से तलाश की जा रही थी। पुलिस ने रमेश (20) और अनिल (19) को गिरफ्तार किया है। मामले में इससे पहले चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया जा चुका है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### 18 वर्ष से फरार टॉप-10 वांछित आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 वर्षों से फरार और थाने की टॉप-10 वांछित सूची में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2009 में दर्ज एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने आस मोहम्मद उर्फ चंद्रभान (72) निवासी नूंह, हरियाणा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ राजस्थान गोवंश संरक्षण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। पुलिस मामले में अग्रिम अनुसंधान कर रही है।

## एक दिन में 3,850 पौधे लगाकर महावीर इंटरनेशनल ने रचा हरित इतिहास

**उदयपुर @ पदमावत मिडिया।** महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र ने मंगलवार को दो स्थानों पर कुल 3,850 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की। तुलसीदास जी की सराय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 350 तथा मावली के सालेरा स्थित समिधा आश्रम में 3,500 पौधे लगाए गए। केंद्र अध्यक्ष वीर रविंद्र सुराणा ने बताया कि विद्यालय में वृक्षारोपण के साथ थैलेसीमिया, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, साइबर सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता एवं व्यक्तित्व विकास पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेधावी विद्यार्थियों और प्रश्नोत्तरी विजेताओं को स्कूल बैग, जूट बैग, कॉपियां एवं अन्य सामग्री वितरित की गई। सालेरा स्थित समिधा आश्रम में 42 बीघा क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के 3,500 पौधे लगाए गए। आश्रम में रह रहे अनाथ बच्चों को स्कूल ड्रेस, बैग और शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई तथा उनके लिए प्रेरक सत्र और स्वरुचि भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल के पदाधिकारी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले:

# संबल सखी अभियान बना महिला सशक्तिकरण का जनआंदोलन

## प्रदेश की महिलाओं को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प में निभाएंगी अहम भूमिका

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि तीन माह पूर्व शुरू किया गया संबल सखी अभियान आज महिला सशक्तिकरण का जनआंदोलन बन चुका है और संबल सखियां राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित संबल सखी यंग प्रोफेशनल्स संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित राजस्थान-2047 का संकल्प संबल सखियों की सक्रिय भागीदारी से ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि सेवा शिविरों और वंदे गंगा अभियान के दौरान संबल सखियों ने आमजन तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान, मजदूर, महिला और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य हो रहा है। राज्य सरकार किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, पर्याप्त सिंचाई जल और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के साथ युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1.78 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। संवाद के दौरान संबल सखियों ने मुख्यमंत्री को अभियान के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें समाज के बीच जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए मिले इस अवसर का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ उपयोग करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने सेवा शिविरों की सफलता का उल्लेख करते हुए बताया कि शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान हुआ है।

आमजन की सुविधा को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों की अवधि 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी तथा बड़ी संख्या में संबल सखी यंग प्रोफेशनल्स उपस्थित रहीं।

## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान: बालोतरा पुलिस ने छात्र-छात्राओं से किया ऑनलाइन संवाद, विभागों के साथ बनाई समन्वित रणनीति

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**बालोतरा।** राजस्थान पुलिस के निर्देशानुसार चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत बालोतरा पुलिस ने जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही जिला कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्टेक होल्डर्स के साथ समन्वय बैठक कर महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में बेहतर तालमेल और जनजागरूकता बढ़ाने की रणनीति तैयार की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह ने बताया कि ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जेंडर संवेदनशीलता विकसित करना तथा उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और महिला अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को राजकॉप सिटीजन ऐप, पॉक्सो अधिनियम, SHe Box, POCSO e-Box, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन-1090, साइबर हेल्पलाइन-1930, गुड टच-बैड टच, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना, महिला बीट अधिकारी योजना, आत्मरक्षा तथा महिलाओं से जुड़े कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित समन्वय बैठक में महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित सहायता, विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय तथा जागरूकता कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में राजकॉप ऐप, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, साइबर सुरक्षा, वरिष्ठ जन संबल योजना Senior's not Alonel, विशाखा गाइडलाइन, कार्यस्थल पर महिलाओं का संरक्षण (POSH Act), SHe Box, POCSO e-Box, पीड़ितों के सत्यापन तथा अन्य नवाचारों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों से महिला सुरक्षा को सामाजिक दायित्व मानते हुए जागरूकता फैलाने, महिला उत्पीड़न अथवा साइबर अपराध की किसी भी घटना की तत्काल पुलिस को सूचना देने तथा महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## जीआरपी की संवेदनशील कार्रवाई, दो मासूम बच्चियों को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**भोपाल@ पदमावत मिडिया।** मध्यप्रदेश जीआरपी ने दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक माह की परित्यक्त बच्ची को 11 दिन में तथा 8 माह की अपहृत बच्ची को 48 घंटे के भीतर सकुशल परिजनों से मिलाकर संवेदनशील पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया। ऑपरेशन 'हमदर्द' के तहत भोपाल रेलवे स्टेशन पर मिली परित्यक्त बच्ची के परिजनों का सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच और विभिन्न राज्यों से समन्वय के बाद पता लगाया गया। वहीं बीना जीआरपी ने अपहृत 8 माह की बच्ची को इटारसी रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर आरोपी महिला को चिन्हित किया। जीआरपी ने बताया कि दोनों मामलों में आधुनिक तकनीक, सीसीटीवी विश्लेषण और अंतर-जिला समन्वय की मदद से कार्रवाई सफल रही, जो जन-केंद्रित और संवेदनशील पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।